विद्युत प्रशिक्षण संस्थान
उ0प्र0 पॉवर कारपोरेशन लि0
(उत्तर प्रदेश सरकार का उपक्रम)
सरोजनी नगर, लखनऊ–226008
ई–मेल : etiuppcl@gmail.com

ELECTRICITY TRAINING INSTITUTE
U.P. POWER CORPORATION LIMITED
(U.P. Government Undertaking)
Sarojini Nagar, Lucknow-226008
E-mail : etiuppcl@gmail.com

दिनांक : 13.11.2025

पत्रांक : 759/वि0प्र0सं0 (ल0)/2025

**अति–आवश्यक**

निदेशक (कार्मिक एवं प्रबन्धन),
मध्यांचल, लखनऊ/पूर्वांचल, वाराणसी/
दक्षिांचल, आगरा/पश्चिमांचल, मेरठ।
निदेशक (कार्मिक एवं प्रबन्धन), केस्को, कानपुर।

**विषय : विभाग के अन्तर्गत तैनात समस्त कार्मिकों को iGOT Portal पर उपलब्ध अधिक से अधिक Online Courses को पूर्ण करने हेतु निर्देशित करने के सम्बन्ध में।**

महोदय,

कृपया उपरोक्त विषयक अवगत कराना है कि मिशन कर्मयोगी के अन्तर्गत **iGOT Portal** पर दिनांक 13.11.2025 तक उ0प्र0पा0का0लि0 के कुल 28130 अधिकारियों तथा कार्मिकों का पंजीकरण किया जा चुका है, परन्तु पंजीकृत कर्मयोगी सदस्यो द्वारा **iGOT Portal** पर उपलब्ध विभिन्न ऑनलाईन कोर्स को पूर्ण करने की संख्या अत्यंत कम है अर्थात मात्र 5790 अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा ही ऑनलाईन कोर्स पूर्ण कर उनके प्रमाण पत्र प्रेषित किये जा रहे हैं। (प्रति संलग्न)

आपको अवगत कराना है कि उक्त पोर्टल की समीक्षा मा0 अवनीश अवस्थी, आई0ए0एस0 (से0नि0) सलाहकार, माननीय मुख्यमंत्री, उ0प्र0 सरकार, श्री एम0 देवराज (आई0ए0एस0) प्रमुख सचिव (नियुक्ति अनुभाग–8), उ0प्र0 शासन के पत्रांक सं0–7116/दो–8–2025, दिनांक 16.10.2025 एवं श्री नरेन्द्र भूषण (आई0ए0एस0), अपर मुख्य सचिव के कार्यालय पत्रांक 24–20099/130/2024–ऊर्जा अनुभाग–2 –Department of Energy, दिनांक 28.10.2025 द्वारा निरन्तर की जा रही है, जिसके अन्तर्गत प्रति माह उ0प्र0 प्रशासन एवं प्रबन्धन अकादमी, लखनऊ में आयोजित विभिन्न विभागों की समीक्षा बैठक में उ0प्र0 पावर कॉरपोरेशन लि0 के पंजीकृत अधिकारियों तथा कार्मिकों द्वारा Portal पर उपलब्ध Courses पूर्ण करने वाले सदस्यों की कुल संख्या पर अप्रसन्नता व्यक्त की गयी तथा निर्देशित किया गया कि दिनांक 30.11.2025 तक iGOT Portal पर उपलब्ध Online Courses पूर्ण करने की न्यूनतम संख्या 281300 (पंजीकृत संख्या का कम से कम 10 गुना) सुनिश्चित की जाये।

अतः उक्त निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करने हेतु अनुरोध है कि अपने अधीनस्थ समस्त अधिकारियों तथा कार्मिकों को दिनांक 30.11.2025 तक 10 Online Courses प्रति सदस्य पूर्ण कर उनके सर्टीफिकेट प्राप्त करने हेतु निर्देशित करने की कृपा करें जिससे दिये गये लक्ष्य को ससमय पूर्ण किया जा सके।

**संलग्नक :** यथोपरि।

(धीरज जायसवाल)
नोडल अधिकारी,
मिशन कर्मयोगी, उ0प्र0पा0का0लि0

पत्रांक : 759/वि0प्र0सं0 (ल0)/2025/दिनांक : 13.11.2025

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित –

1. प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0पा0का0लि0 के निजी सचिव।
2. निदेशक (का0प्र0 एवं प्रशा0), उ0प्र0पा0का0लि0, लखनऊ।
3. महानिदेशक (प्रशि0 एवं मा0सं0वि0), उ0प्र0पा0का0लि0, लखनऊ।
4. समस्त मुख्य अभियन्ता, उ0प्र0पा0का0लि0, लखनऊ/मुख्य अभियन्ता, केस्को, कानपुर।

(धीरज जायसवाल)
नोडल अधिकारी,
मिशन कर्मयोगी, उ0प्र0पा0का0लि0

5619/MDS/25 → Dir(PS&A)PCL
30/10/25
04/11/25

6450
NO. /DIF(PM&A)/PCL/2025
R.D. 04/11/25
D.D. 6/11/25

प्रेषक,

संजय शुक्ला,
संयुक्त सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन

सेवा में,

1. प्रबंध निदेशक, उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0, लखनऊ।
(मध्यान्चल/पूर्वान्चल/पश्चिमान्चल/दक्षिणान्चल/केस्को)
2. प्रबन्ध निदेशक, यू0पी0 राज्य विद्युत उत्पादन निगम लि0।
3. प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0 पावर ट्रांसमिशन कारपोरेशन लि0, लखनऊ।
4. निदेशक, विद्युत सुरक्षा निदेशालय, गोमती नगर, लखनऊ
5. सचिव, उत्तर प्रदेश विद्युत नियामक आयोग।

D.G.(Tr&HRD), ETI

04/11/25
निदेशक (का0प्र0 एवं प्रशा0)
उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0

ऊर्जा अनुभाग-2 लखनऊः दिनांक 28-10-2025

विषयः विभाग के अंतर्गत तैनात समस्त कार्मिकों को iGOT पोर्टल पर उपलब्ध अधिक से अधिक पाठ्यक्रमों को पूर्ण कर प्रशिक्षण प्राप्त करने हेतु निर्देशित करने के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक प्रमुख सचिव, नियुक्ति अनुभाग-8 के पत्र सं0-1116/दो-8-2025, दिनांक-16.10.2025 की छायाप्रति संलग्न कर प्रेषित करते हुए मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि कृपया विषयगत प्रकरण में प्रमुख सचिव, नियुक्ति विभाग द्वारा की गयी अपेक्षानुसार प्रकरण में अग्रेतर आवश्यक कार्यवाही किये जाने हेतु संबंधित को निर्देशित करने का कष्ट करें।

संलग्नकः यथोक्त।

Div(P&A)

04/11
(ऋषभ देव शर्मा)
अपर निजी सचिव
प्रबन्ध निदेशक
उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन लि0

भवदीय,

Digitally signed by
SANJAY SHUKLA
Date: 28-10-2025
13:15:54

(संजय शुक्ला)
संयुक्त सचिव

प्रतिलिपि अध्यक्ष, उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0/ उ0प्र0 राज्य विद्युत उत्पादन निगम लि0/ उ0प्र0 पावर ट्रांसमिशन कारपोरेशन लि0, लखनऊ को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

आज्ञा से,

(संजय शुक्ला)
संयुक्त सचिव

निदेशक ई0टी0आई0

विद्युत प्रशिक्षण संस्थान, सरोजनी नगर, लखनऊ
आवती संख्या 226
दिनांक 12.11.2025

12/11/2025

Sri Sanjay Sharma CEE(MDO)
Pls send necessary information
13/11/25

सं0-116/27-8-2025
ई-3688066/25

एम0 देवराज
प्रमुख सचिव

उत्तर प्रदेश शासन
नियुक्ति अनुभाग-8
दिनांक- 16 अक्टूबर, 2025

Dear Sir,

प्रभावी सार्वजनिक सेवा वितरण और एक आत्मनिर्भर भारत की दिशा में काम करते हुए एक सक्षम और भविष्य के लिए तैयार सिविल सेवा के निर्माण हेतु भारत सरकार की महत्वपूर्ण योजना, मिशन कर्मयोगी के उत्तर प्रदेश में सफल कार्यान्वयन हेतु सभी विभागों द्वारा किए गए समेकित प्रयास से iGOT पोर्टल पर पंजीकरण की दृष्टि से उत्तर प्रदेश राष्ट्रीय स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त कर चुका है, जोकि राज्य के लिए एक गर्व का विषय है। इस सम्बन्ध में उत्तर प्रदेश को राष्ट्रीय स्तर पर प्रथम स्थान पर लाने हेतु समस्त विभागों द्वारा किया गया समर्पित प्रयास प्रशंसनीय है।

9338/ACSE/2025

उक्त के अतिरिक्त अवगत कराना है कि राष्ट्रीय स्तर पर iGOT पोर्टल पर Course Completion की दृष्टि से उत्तर प्रदेश सम्प्रति तीसरे स्थान पर है। Course Completion की दृष्टि से भी उत्तर प्रदेश को प्रथम स्थान पर लाना है। अतः उत्तर प्रदेश के सभी कार्मिकों द्वारा अपने कार्य क्षेत्र से संबंधित iGOT पोर्टल कर उपलब्ध अधिक से अधिक पाठ्यक्रमों को पूर्ण किया जाना अपेक्षित है।

21.10.25

2- उपर्युक्त सम्बन्ध में मिशन कर्मयोगी के iGOT पोर्टल पर दिनांक-26.09.2025 से 10.10.2025 तक की गयी विभागवार प्रगति की समीक्षा के अनुसार आपके विभाग की प्रगति निम्नवत है:-

| Date of Information obtained from iGOT | Name of Dept/Directorate/ Institute etc. | Number of employees onboarded | Total Course Enrollments | Total Course Completions |
|---|---|---|---|---|
| 26.09.2025 | | **36,388** | **50,332** | **33,932** |
| 10.10.2025 | UPPCL | 27,157 | 14,579 | 14,338 |
| | Energy Department | 5,397 | 34,171 | 33,666 |
| | UPPTCL | 4,344 | 30,934 | 30,521 |
| | UPSLDC Ltd. | 91 | 1,952 | 1,942 |
| | UP State Load Dispatch Centre | 15 | 135 | 126 |
| | MVVNL | 01 | 00 | 00 |
| | **Total (10.10.2025)** | **37,005** | **81,771** | **80,593** |

5149/VS
SO अनुभाग-1/2
21/10/25

( राकेश कुमार-द्वितीय )
निजी सचिव,
विशेष सचिव,
ऊर्जा एवं अतिरिक्त ऊर्जा स्रोत विभाग
उत्तर प्रदेश शासन।

3- **उक्त आंकड़ों के विश्लेषण से यह परिलक्षित होता है कि आपके विभाग में iGOT पोर्टल पर पंजीकृत प्रति कार्मिक ने औसतन मात्र 2.18 कोर्स पूर्ण किए हैं, जोकि अन्य विभागों की तुलना में बहुत कम है।** चूँकि iGOT पोर्टल पर उपलब्ध प्रत्येक पाठ्यक्रम एक प्रकार का प्रशिक्षण है, जो सिविल सेवकों की कार्यात्मक क्षमता में वृद्धि करता है, अतः उक्त पाठ्यक्रमों को पूर्ण न किए जाने से मिशन कर्मयोगी का उद्देश्य अपूर्ण रह जा रहा है।

4- इस सम्बन्ध में उपर्युक्त स्थिति का व्यक्तिगत रूप से संज्ञान लेते हुए कृपया राज्य में मिशन कर्मयोगी के कार्यान्वयन में अपने विभाग के प्रदर्शन में सुधार हेतु विभाग के अंतर्गत तैनात समस्त कार्मिकों को iGOT पोर्टल पर उपलब्ध अधिक से अधिक पाठ्यक्रमों को पूर्ण पर प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए निर्देशित करने का कष्ट करें, जिससे कि iGOT पोर्टल पर उपलब्ध पाठ्यक्रमों के Course Completion की दृष्टि से भी उत्तर प्रदेश द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया जा सके।

Regards.

भवदीय,

(एम0 देवराज)

श्री नरेन्द्र भूषण,
अपर मुख्य सचिव,
ऊर्जा विभाग, उत्तर प्रदेश शासन।

श्री अवधेश
21.10.2025